मैया तेरा मेरा रिश्ता पुराना है

मैया तेरा मेरा रिश्ता पुराना है,
नहीं मुझसे रूठना तेरा ही ठिकाना है,
ओ मैया रख लो शरण में ओ मैया………..

मैंने जबसे जनम लिया तुझको अपनाया है,
तुझसे मिलने ख़ातिर जीवन ये बिताया है,
आएगी तू इक दिन मेरे दिल ने माना है,
नहीं मुझसे रूठना तेरा ही ठिकाना है,
ओ मैया रख लो शरण में ओ मैया………..

तूने छोड़ा जो मुझको में जी नहीं पाऊँगी,
तेरा नाम ले लेकर में तो मर जाऊँगी,
जो भूल हुई मुझसे उसे माफ़ भी करना है,
नहीं मुझसे रूठना तेरा ही ठिकाना है,
ओ मैया रख लो शरण में ओ मैया…….

करती हूँ इक वादा तुझको ना भुलाऊँगी,
ये जीवन सारा में सेवा में बिताऊँगी,
अब है विश्वास मुझे ना छोड़ेगी तू मुझे,
मेरे साथ साथ चलना तुझे रीत निभानी है,
नहीं मुझसे रुठना तेरा ही ठिकाना है,
ओ मैया रख लो शरण में ओ मैया…….

मैया तेरा मेरा रिश्ता पुराना है,
नहीं मुझसे रूठना तेरा ही ठिकाना है,
ओ मैया रख लो शरण में ओ मैया……

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27433/title/mayia-tera-mera-rishta-purana-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |